

बारिश | किसानों के चेहरे खिले

# तपन से राहत : सौसर क्षेत्र में झमाझम बारिश

**नवभारत न्यूज**

**सौसर 10 जून** – सौसर क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से जारी उमस और भीषण गर्मी से परेशान नागरिकों को आखिरकार राहत मिल गई है। क्षेत्र में हुई जोरदार प्री–मानसून बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया है। बुधवार को दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट ली और आसमान में घने बादल छा गए, जिसके बाद झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया। इस बारिश से जहां आम लोगों को तेज तपन से निजात मिली है, वहीं किसानों में उत्साह का माहौल है।

**उमस और तपन से मिली बड़ी राहत:** पिछले एक हफ्ते से क्षेत्र में तापमान बढ़ने के साथ–साथ हवा में भारी उमस थी, जिससे लोग बेहाल थे। कूलर और पंखे भी इस बेचैनी भरी गर्मी में बेअसर साबित हो रहे थे। लेकिन आज हुई इस पहली दमदार प्री–मानसून बारिश ने वातावरण में ठंडक घोल दी है। बारिश के बाद तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है, जिससे नगर सहित ग्रामीण अंचलों के नागरिकों ने राहत की सांस ली है।



**किसानों के चेहरे पर खुशी की लहर:** इस पहली बारिश का सबसे ज्यादा फायदा खेती–किसानी को होने जा रहा है। बारिश के होते ही किसानों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई है। लंबे समय से अच्छे मानसून की आस लगाए बैठे किसानों के लिए यह बारिश किसी वरदान से कम नहीं है। ग्रामीण इलाकों में इस बारिश के बाद से ही खेती की हलचल और तेज हो गई है।

### बोवनी के लिए खेत पूरी तरह तैयार

कृषि विशेषज्ञों और स्थानीय किसानों के अनुसार, इस प्री–मानसून बारिश से मिट्टी में अच्छी नमी आ गई है। किसान पहले से ही अपने खेतों की जुताई कर चुके थे और अब खेत पूरी तरह से बुआई के लिए तैयार हो चुके हैं। यदि एक–दो दिन में ऐसी ही एक और अच्छी बारिश हो जाती है, तो क्षेत्र में कपास, मक्का और अन्य मुख्य फसलों की बोवनी का काम जोर–शोर से शुरू हो जाएगा। किसानों ने बीज और खाद की व्यवस्था पूर्व ही कर दी है।

## प्रचार वाहन के माध्यम से आईटीआई पांढुर्णा ने चलाया व्यापक प्रवेश जागरूकता अभियान

**पांढुर्णा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई), पांढुर्णा, जिला पांढुर्णा द्वारा सत्र 2026–27 में प्रवेश के लिए व्यापक प्रचार–प्रसार अभियान संचालित किया गया। अभियान के अंतर्गत प्रचार वाहन का उपयोग करते हुए ग्राम कलमगांव, बनगाँव, वाडेगाव, हरदौली, मारूंड, तिगांव, खेड़ीकला, भंदारगोंदी एवं देवखापा में घर–घर जाकर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को आईटीआई में प्रवेश संबंधी जानकारी प्रदान की गई। इस अभियान में प्रशिक्षण अधिकारी श्रीमती नेहा पाटील, श्रीमती आरती भारतीया, श्रीमती ज्योति भारती एवं धर्मिष्ठा सांभारे ने सक्रिय सहभागिता निभाई। अधिकारियों द्वारा आईटीआई में संचालित विभिन्न व्यवसायों, रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कौशल विकास के अवसरों तथा ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।

## खरीफ सीजन के लिए सौसर में खाद का पर्याप्त भंडारण

### ई–टोकन प्रणाली से होगा पारदर्शी वितरण

**नवभारत न्यूज**

**सौसर 10 जून** – वर्तमान खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए सौसर अनुभाग में खाद के भंडारण एवं सुचारू वितरण व्यवस्था की समीक्षा आज यहां एसडीएम सिद्धार्थ पटेल द्वारा की गई। बैठक में एसडीएम ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि किसानों को समय पर और बिना किसी परेशानी के उर्वरक उपलब्ध कराया जाए तथा संपूर्ण वितरण प्रक्रिया की निरंतर निगरानी की जाए।

**इस वर्ष 35 हजार मीट्रिक टन वितरण का लक्ष्य**

बैठक में बताया गया कि खरीफ वर्ष के लिए कुल 35,000 मीट्रिक टन उर्वरक वितरण का लक्ष्य तय किया गया है। यह पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है; गत खरीफ वर्ष 2025 की समान अवधि में 32,244 मीट्रिक टन उर्वरकों का वितरण किया गया था।



**ऐसी है वर्तमान स्टॉक की स्थिति:** समीक्षा बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, ? इस वर्ष कुल उर्वरक की उपलब्धता 17,208 मीट्रिक टन है जिसमें 9,926 मीट्रिक टन वितरण किया जा चुका है तथा ?वर्तमान में शेष स्टॉक 7,282 मीट्रिक टन है। नवभारत से चर्चा में ?एसडीएम पटेल ने कहा वर्तमान में जिले में यूरिया, सुपर फॉस्फेट, डीएपी, एमओपी एवं एनपीके सहित सभी प्रमुख खादों का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। आगामी खरीफ सीजन के लिए किसानों को घबराने की आवश्यकता नहीं है, भंडारण पूरी तरह सुनिश्चित है।

**ई–टोकन प्रणाली से मिलेगी बिचौलियों से राहत:** एसडीएम सिद्धार्थ पटेल ने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि इस बार उर्वरकों का वितरण ई–टोकन प्रणाली के माध्यम से किया जा रहा है। इस डिजिटल व्यवस्था सेवितरण प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही आएगी। जिससे वास्तविक और जरूरतमंद किसानों को प्राथमिकता के आधार पर खाद मिल सकेगी। एसडीएम का कहना है कि ई टोकन प्रणाली सेखाद की कालाबाजारी, अवैध भंडारण और बिचौलियों की सक्रियता पर पूरी तरह से रोक लगेगी। पूरी वितरण प्रक्रिया का डिजिटल रिकॉर्ड रहेगा, जिससे निगरानी आसान होगी।

## भाजपा सोशल मीडिया विभाग जिला पांढुर्णा की जिला कार्यकारिणी घोषित

### नए कार्यकर्ताओं को मिली जिम्मेदारी, भाजपा का पक्ष रखने की अहम जिम्मेदारी

**नवभारत न्यूज,**

**सौंसर 10 जून.** भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया विभाग के संगठनात्मक विस्तार के तहत आज जिला संयोजक रितेश कामडे ने कार्यकारिणी की घोषणा भाजपा मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक सुयश त्यागी के निर्देशानुसार, भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड की अनुशंसा तथा सोशल मीडिया विभाग के संभाग प्रभारी आदित्य शर्मा की सहमति से की।

**हर बूथ तक डिजिटल उपस्थिति मजबूत करने का लक्ष्य**

भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड ने कहा, सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई। सोशल मीडिया विभाग जनसामान्य तक अपनी बात रखने का सबसे असरदार एवं आसान माध्यम है। हमें हर बूथ तक अपनी डिजिटल उपस्थिति को मजबूत करना है। मुझे भरोसा है कि रितेश कामडे के नेतृत्व में यह पूरी टीम पूरी निष्ठा के साथ इस जिम्मेदारी को निभाएगी।

भाजपा सोशल मीडिया विभाग के जिला संयोजक रितेश कामडे ने नए दायित्वों की घोषणा करते हुए बताया कि संगठन को डिजिटल मंच पर और अधिक मजबूत, प्रभावशाली व सक्रिय बनाने के लिए ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

घोषित की गई नई कार्यकारिणी में जिला सह–संयोजक शिवम जानभोर , डिम्पल मालवी , रामकृष्णा धुर्वे , यश मुरमकर ,जिला सोशल मीडिया सदस्य प्रवीण नाहर , आदित्य सुपारे , हर्षल भुते , नरेश घाघरे , गौतम माहौरे ,विशाल साहू को जिम्मेदारी सौंपी गई।

## अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री की अध्यक्षता में आयोजित हुई जनसुनवाई

**पांढुर्णा।** राज्य शासन द्वारा संचालित साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए सुनवाई की जाती है। इसी क्रम में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पांढुर्णा के सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री ने 15 आवेदकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों सहित दूरस्थ अंचलों से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त आवेदनों में भूमि सीमांकन, भू–अधिकार पट्टा उपलब्ध कराने, संबल योजना का लाभ दिलाने, खसरा–नक्शा दुरुस्ती, सड़क, अतिक्रमण तथा स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े प्रकरण प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## संस्कारवान पीढ़ी राष्ट्र के नवनिर्माण में अग्रणी : संदीप मोहोड

### गायत्री शक्तिपीठ सौंसर में पांच दिवसीय कन्या किशोर कौशल अभिवर्धन शिविर संपन्न

**नवभारत न्यूज़**

**सौंसर 10 जून.** स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ सौंसर में आयोजित पांच दिवसीय कन्या किशोर कौशल अभिवर्धन शिविर के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने कहा कि समाज को ऐसे शिविरों की सख्त आवश्यकता है। अनगढ़ को सुघड़ करने और संस्कारवान पीढ़ी तैयार करने में गायत्री परिवार की अग्रणी भूमिका है। यह विश्व स्तर की संस्था समाज को नई दिशा–धारा दे रही है। विश्व कल्याण की भावना से निहित गायत्री परिवार की जितनी प्रशंसा करें कम है। गायत्री शक्तिपीठ सौंसर ने उन दिवंगत परिजनों को श्रद्धांजलि दी जो नींव के पत्थर थे और जिनके बेटे–बेटियां गायत्री परिवार के लिए समर्पित हैं। श्री मोहोड को सनातनी प्रहरी का सम्मान प्रबंध ट्रस्टी शिवाजी ठाकरे, जिला प्रवक्ता किशोर




ाकनकर, शकर घोरकी, चित्रसेन रबड़े, राजू वाघ, उमेश डोंगरे, सुरेश डोंगरे आदि के हस्ते प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सुरेश बैंडवार, नगराध्यक्ष पीपला अरुणा चौधरी, रेमंड प्लांट इंचार्ज जितेंद्र शर्मा, दिलीप बतरा, नीलेश ठाकरे, हर्षल काले, राजेंद्र निमकर, पिंटू मानेकर, संगीता बर्वे, राजेश वाडेकर, प्रशांत वाडेकर, राजेंद्र कुर्वे, प्रफुल्ल ठाकरे, जगमोहन यादव, सुधाकर कांमडे, अनिल गोरे, संगीता लोनारे, विश्वेश्वर राउत, सुरेखा आगरकर, नरोत्तम पटेल आदि उपस्थित रहे।

## विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति 2026–27 हेतु चयन प्रक्रिया शुरू, अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलावा

**पांढुर्णा/10 जून,** अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए संचालित विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति वर्ष 2026–27 के अंतर्गत चयन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। आयुक्त, जनजातीय कार्य मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा जारी पत्र के अनुसार चेतना धुर्वे, पल्लवी धुर्वे , संजय धुर्वे एवं धीरज इरपाची को समीक्षा समिति के समक्ष अपने अभिलेखों के सत्यापन एवं साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया गया है।विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति वर्ष 2026–27 के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के चयन हेतु समीक्षा एवं चयन समिति की बैठक 22 जून 2026 को प्रात: 11:30 बजे आयुक्त, जनजातीय कार्य, 59 आदि भवन, भोपाल में आयोजित की जाएगी। बैठक में अभ्यर्थियों के मूल अभिलेखों एवं दस्तावेजों का परीक्षण किया जाएगा, जिसके उपरांत समिति द्वारा साक्षात्कार लिया जाएगा। अभ्यर्थियों को 22 जून 2026 को पूर्वाह्न 10:30 बजे तक निर्धारित स्थान पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

12 वर्षों की राष्ट्रसेवा और समर्पण को नमन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का



प्रदेश के 8.5 करोड़ नागरिकों और
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से
हार्दिक आभार और अभिनंदन



आदरणीय प्रधानमंत्री जी,

सादर प्रणाम

भारतवर्ष के प्रधानमंत्री के रूप में आपके यशस्वी नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मध्यप्रदेश की समस्त जनता तथा अपनी ओर से आपको हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ । आपके दूरदर्शी नेतृत्व में देश ने विगत वर्षों में विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता, डिजिटल नवाचार, आधारभूत संरचना निर्माण तथा वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं। आपके इस स्वर्णिम कार्यकाल की एक प्रमुख विशेषता, विश्व अर्थव्यवस्था के पटल पर भारत की अर्थव्यवस्था का प्रमुख विकास इंजन के रूप में उभरना रहा है। रूस यूक्रेन संकट में ऑपरेशन गंगा, कोविडकाल में वैक्सीन मैत्री, जी-20 की अध्यक्षता इन सभी में भारत एक वर्ल्ड लीडर के रूप में सामने आया है। आतंकवाद के विरुद्ध आपकी जीरो टॉलरेंस सभी ने देखी। उरी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक, पुलवामा हमले के बाद बालाकोट स्ट्राइक और पिछले साल ऑपरेशन सिंदूर, हर बार आपके मजबूत नेतृत्व में भारत ने दुश्मन को करारा जवाब दिया है।

आपके मन में देश के गरीब, किसान, मध्यम वर्ग के लोगों के लिये गहन संवेदना है। यही कारण है कि पिछले 12 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। आज पूरे देश में 81 करोड़ से अधिक लोगों को 5 किलो मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है। आपने 4 करोड़ से अधिक लोगों को पक्के मकान देकर उनका पक्की छत का सपना साकार किया है। जल जीवन मिशन से नल से जल की व्यवस्था हुई है। देश के अन्नदाता के प्रति आपकी सोच का ही परिणाम है कि पीएम किसान सम्मान निधि में 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों के बैंक खातों में जा चुकी है।

नारी सशक्तिकरण के लिये आपके प्रयास हम सब के लिये अनुकरणीय है। लोकसभा एवं विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के लिये आपकी प्रतिबद्धता और समर्पण वंदनीय है। पिछले 12 वर्षों में आपने नारी सशक्तिकरण के लिये पीएम उज्ज्वला योजना, स्व-सहायता समूहों का गठन, लखपति दीदी, पीएम सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम मातृ वंदना जैसी अनेक योजनाओं की सौगात दी। आज देश में 48 प्रतिशत स्टार्टअप्स में महिला निदेशक हैं।

प्रदेश को हमेशा पल-पल पर आपका मार्गदर्शन स्नेह और आशीर्वाद मिला है। आपने मध्यप्रदेश को केन- बेतवा लिंक परियोजना, पार्वती - कालीसिंध - चंबल लिंक परियोजना जैसी सिंचाई परियोजनाओं की सौगात दी है, आपके नेतृत्व में मध्यप्रदेश औद्योगिकीकरण के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। फरवरी 2025 में आपने स्वयं पधार कर भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का उद्घाटन कर हमें अनुग्रहीत किया था। पिछले 2 वर्षों में प्रदेश को 33 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और तेजी से ये धरातल पर उतर रहे हैं। आपके ही कर कमलों से धार में देश के पहले टेक्सटाइल पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन आपके जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़े में सम्पन्न हुआ।

आपका आशीर्वाद मध्यप्रदेश को सभी क्षेत्रों में मिला है। आपने सड़क अधोसंरचना में मध्यप्रदेश को बड़ी सौगातें दी हैं। आपने 136 कि.मी. लंबे लगभग 3 हजार करोड़ रुपये लागत से उज्जैन- गरोठ ग्रीन फील्ड हाईवे का निर्माण कराया जिससे इंदौर एवं उज्जैन के लोगों को दिल्ली से कनेक्टिविटी मिली। इसी तरह राष्ट्रीय राजमार्ग-46 के इटारसी-बैतूल 22 कि.मी. टाइगर कॉरिडोर, भोपाल- कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के 4-लेन में अपग्रेड करने की स्वीकृति, 6-लेन आगरा - ग्वालियर राष्ट्रीय हाई स्पीड कॉरिडोर की परियोजना की स्वीकृति प्रदान की। आपके द्वारा प्रदेश को दी गई कई सड़क परियोजनायें प्रगतिरत हैं।

आपके मार्गदर्शन में प्रदेश में वर्ष 2026 "कृषक कल्याण वर्ष" के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष गेहूं में समर्थन मूल्य पर 13.42 लाख किसानों द्वारा 104.36 लाख मे. टन गेहूं विक्रय किया गया है। यह विगत 10 वर्षों में सर्वाधिक है। भावान्तर योजना के अंतर्गत सोयाबीन उत्पादक लगभग 6 लाख 86 हजार किसानों के खाते में लगभग 1 हजार 454 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया गया है।

आपके नेतृत्व में गरीबों के कल्याण से संबंधित योजनाओं में मध्यप्रदेश लगातार कार्य कर रहा है। प्रधानमंत्री आवास (शहरी) में 9 लाख से अधिक हितग्राहियों को अपना पक्का घर मिला है वहीं प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) में 54.08 लाख नागरिकों को आवास मिले हैं। आवास पूर्णता में संख्यात्मक रूप में प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। इसी तरह से प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में प्रदेश में 15.94 लाख प्रकरणों में 2697 करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया गया है। इस योजना में मध्यप्रदेश देश में प्रथम है।

आपके मार्गदर्शन में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी से प्रगति हुई है। प्रदेश में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या 14 से बढ़कर 19 तथा निजी चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या 12 से बढ़ कर 14 हो गई है। इसी तरह से भारत की परम्परागत चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद का भी आपके मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार विस्तार कर रही है। वर्तमान में प्रदेश में 7 शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय हैं तथा 8 नए कॉलेज स्थापित किये जा रहें हैं। आपकी राष्ट्र को स्वास्थ्य क्षेत्र में दी गई सबसे बड़ी सौगात "आयुष्मान भारत" में जनसंख्या अनुपात में आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रदेश, देश में प्रथम स्थान पर है।

आप ने इन 12 वर्षों में भारत वर्ष के गौरवशाली अतीत और सांस्कृतिक विरासत को भी पुन: जागृत किया। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का निर्माण राष्ट्र की चेतना का जागरण है। आपके द्वारा काशी विश्वनाथ धाम, श्री महाकाल महालोक, केदारनाथ धाम एवं सोमनाथ धाम का विकास वर्तमान पीढ़ी एवं आने वाली पीढ़ी को अपनी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का अद्भुत प्रयास है। वर्ष 2014 में आपके प्रयास से संयुक्त राष्ट्र ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मान्यता दी। आज 190 से अधिक देशों में करोड़ों लोग योग को अपना चुके हैं। यह भारत की आध्यात्मिक शक्ति को मिली विश्व की सबसे बड़ी मान्यता है।

आपके कुशल एवं दृढ़ नेतृत्व में पूरे भारत वर्ष में मार्च 2026 तक नक्सल समस्या को खत्म करने का लक्ष्य रखा गया था, उसे मध्यप्रदेश ने भी प्राप्त कर लिया। यह आपकी दृढ़ इच्छा शक्ति का ही परिणाम है कि दशकों से चली आ रही एक राष्ट्रीय समस्या का उन्मूलन संभव हो सका। अब आपके मार्गदर्शन में नक्सल प्रभावित गाँवों के त्वरित विकास के लिये माइक्रो डेवलपमेंट प्लान तैयार किया जा रहा है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र ने देश एवं प्रदेश के विकास को नई गति प्रदान की है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर मैं आपके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर सफल नेतृत्व की कामना करता हूँ। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपके मार्गदर्शन में भारत अमृतकाल के लक्ष्यों को प्राप्त करते हुए विश्व में और अधिक गौरवशाली स्थान प्राप्त करेगा।

सादर !

भवदीय

(डॉ. मोहन यादव)
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी D11032/26

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026